भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 566

उत्तर देने की तारीख : 22.07.2021

ई-कॉमर्स पोर्टल

566. श्री जी.एम. सिद्धेश्वर:
कुमारी राम्या हरिदास:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) : क्या यह सच है कि संघ सरकार अमेजन आदि की तर्ज पर भारत क्रॉफ्ट नामक ई-कॉमर्स पोर्टल शुरू करने की योजना बना रही है एवं यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके कदम के उद्देश्य क्या है;

(ख) : क्या यह भी सच है कि यह ई-कॉमर्स पोर्टल एमएसएमई को अपने उत्पादों को बाजार देने, बेचने और क्षेत्र को बढ़ावा देने के प्लेटफार्म प्रदान करेगा तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) : आने वाले वर्षों में राजस्व सृजन के संबंध में इस पोर्टल की क्षमता का ब्यौरा क्या है; और

(घ) पोर्टल के उपयोग के पश्चात आर्डर की डिलीवरी के लिए कितने दिनों की कमी आने की संभावना है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री

(श्री नारायण राणे)

(क) से (घ) : एमएसएमई मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के पास बी 2 बी एमएसएमई ग्लोबल मार्ट पोर्टल है और इसके तहत गतिविधियों को और मजबूत करने के प्रयास किए गए हैं। पोर्टल की मुख्य विशेषताओं में ऑनलाइन पंजीकरण, वेब स्टोर प्रबंधन, भुगतान के एकाधिक विकल्प, कॉल सेंटर के माध्यम से ग्राहक सहायता और उन्नत सुरक्षा सुविधाएँ शामिल हैं।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के पास बी2सी आउटरीच के लिए ekhadiindia.com है, जो सभी व्यवसायों को पारस्परिक गतिविधियों, तात्कालिकता और अनुकूलन में आसानी के साथ ग्लोबल पहुंच बनाने में सक्षम बनाता है।

पोर्टल से राजस्व सृजन पोर्टल की सदस्यता पर निर्भर करता है।

*****